दैनिक जागरण

२१-०२-२०२४

सामाजिक न्याय दिवस पर हुई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता



जीएमएन कालेज में कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी। ● सौजन्य विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता, अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने वैश्विक मुद्दों को संबोधित करके और अधिक न्यायपूर्ण समाज के लिए समाधान तलाशकर सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। विश्व सामाजिक न्याय दिवस एक वार्षिक वैश्विक गतिविधियां हैं, जो बेरोजगारी, गरीबी, बहिष्करण, लैंगिक असमानता, मानवाधिकार और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों को संबोधित करके सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डालती है। इस गतिविधि के माध्यम से छात्रों ने जागरूकता फैलाई कि सामाजिक न्याय में सुधार करना सभी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नीतियों का प्राथमिक लक्ष्य होना चाहिए। इस गतिविधि में कुल 60 विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर डा. एसएस नैन, डा. तृप्ति शर्मा, डा. सरोज बाला एवं लवप्रीत आदि मौजूद रहे। उधर, कालेज के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आडिटोरियम हाल में पुरुष स्टाफ सदस्यों (नान टीचिंग) के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया। सभी पुरुष स्टाफ सदस्यों ने इस खेल गतिविधि में बढ़- चढ़कर भाग लिया। पुरुष वर्ग में प्रथम अंकित सैनी, द्वितीय विक्रम सिंह सैनी, तृतीय तरणवीर सिंह और चतुर्थ स्थान पर संजीव कश्यप रहे। शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर बृजेश कुमार ने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। खेल के समापन पर सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने सभी विजेता खिलाड़ियों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।